FYBA
Sem II

Hindi L-II

12/4/17
03 pages
150 copies

Q.P. Code :03771

[समय: ३ घंटे] **[अंक: १००]**

Revised Course

Please check whether you have got the right question paper.

सूचना: **१. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**
२. उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक/उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए ।

प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ-सहित व्याख्या किजिए । **२०**

अ) "कम हो रहा है मिलना जुलना
कम हो रही है लोगों की जान पहचान
सुख दुख में भी पहले की तरह इकट्ठे नहीं होते लोग
तार से आ जाती है बधाई और शोक संदेश ।"

अथवा

"उँची- उँची अट्टालिकाओं के कहकहे
सफेदपोश नेताओं के भाषण
चौराहे पर गाँधी का पुतला
गलियों में
समाजवाद का नारा
मेरा मन बहला रहा है ।"

आ) "मै इतना बेवकूफ नही हूँ जितना आप समझ रहे हैं। रिश्वत खाने का एक सिद्धान्त है । रिश्वत अकेले खाई जाए तो जहर के समान और मिल-जुलकर खाई जाए तो अमृत के समान होती हैं।"

अथवा

"अंग्रेजों ने हमारे देश में बख्शीश की जो परम्परा डाली थी, आजादी के बाद एक नागरिक की हैसियत से लोगों ने उसे अपना हक मान लिया । गुलाम आदमी बख्शीश लेता है और आजाद आदमी हक, जिसे लोग घूस कि संज्ञा देकार बदनाम करते है ।"

प्र.२ निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **२६**

क) 'पिता' कविता में उदय प्रकाश ने मजदूर वर्ग की कारुणिक दशा का चित्रण किस प्रकार किया है? स्पष्ट किजिए ।

अथवा

'सात भाईयों के बीच चम्पा' कविता में कात्यायनी ने लडकियों के अस्तित्व को किस प्रकार स्पष्ट किया है?

ख) 'प्रधानमंत्री क्यो नही हँसते' निबंध का व्यंग्य समझाए ।

अथवा

'देश सेवा के अखाडे में' निबंध में लेखिका ने राजनैतिक व्यवस्था पर किस प्रकार से व्यंग्य किया है? सोदाहरण समझाइए ।

TURN OVER

298CDB60C59C7F217A655382926B5549

F.Y.B.A Sem II

Hindi L-II   Q.P. Code: 03771

12/4/17

03pages

150 copies

Q.P. Code :03771

प्र.३ निम्नलिखित किसी एक सामान्य प्रश्न का उत्तर लिखिए | १४

१. 'अपनी जमीन तलाशती बैचेन स्त्री' कविता में स्त्रियों के अन्तर्वद्वंद को सोदाहरण समझाइए?
२. 'मनुष्य और ठग' निबंध में निहित व्यंग्य को स्पष्ट किजिए?

प्र.४ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए | १०

ग) 'परिवर्तन' कविता में धर्म का स्वरूप |

अथवा

'वृद्धाएँ' कविता में वृद्धाओं का अकेलापन |

घ) 'तीन अदद मास्टर: तीन अदद झलकियाँ' निबंध मे चित्रित व्यंग्य |

अथवा

'प्रतिभा शोध निकेतन' निबंध का व्यंग्य |

प.५ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | १०

१. ज्वालामुखी कविता में कवि का हृद्य कैसा बन गया है?
२. 'पिता' कविता में कवि के पिता को कौन पचा ले गया?
३. कितने भाइयों के बीच चम्पा सयानी हुई ?
४. एकांत में वृद्धाएँ किससे खेलती हैं ?
५. 'बराबर का दर्जा' कविता में संसार की सबसे कोमल वस्तु क्या है?
६. मास्टर पर किसके निर्माण का दायित्व है?
७. 'देश देवा के आखाड़े' में निबंध के लेखक का नाम लिखिए |
८. राजा के विरोध में जाने पर क्या दण्ड हैं?
९. सिगरेट निर्माता डिब्बी पर क्या लिखकर भी जनता को बेवकूफ बनाता है?
१०. मुरारी काका कि लड़की किस कलाकार की दीवानी है?

प्र.६ (च) निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबंध लिखिए | १०

१. शिक्षा का महत्व |
२. अकालग्रस्त किसान की आत्महत्या |
३. विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता |
४. देश को खोखला करती सांप्रदायिकता |

TURN OVER

298CDB60C59C7F217A655382926B5549

(छ) निम्नलिखित सूचनानुसार प्रश्नो के उत्तर लिखिए - १०

१. **निम्नलिखित विशेषण शब्दों की रचना किजिए (कोई दो)**
क) चमक ख) कमाना ग) चर्चा घ) बनाना

२. **निम्नलिखित भाववाचक शब्दों की रचना किजिए। (कोई दो)**
क) चतुर ख) सभ्य ग) मजदूर घ) राष्ट्र

३. **निम्नलिखित शब्दों का लिंग परिवर्तन किजिए - (कोई एक)**
क) लेखक ख) छात्र

४. **निम्नलिखित शब्दों का वचन परिवर्तन किजिए- (कोई एक)**
क) गुरु ख) मिठाई

५. **निम्नलिखित शब्दों का पर्यायवाची शब्द लिखिए - (कोई दो)**
क) जल ख) झूठी ग) स्त्री घ) ग्रह

६. **निम्नलिखित शब्दों का विलोमार्थी शब्द लिखिए - (कोई दो)**
क) प्यार ख) मोटा ग) अमीर घ) सही

298CDB60C59C7F217A655382926B5549